RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

जब हो कुत्ता सामने, खुद को समझें शेर।
अगर डर गये आप तो, कुत्ता लेगा घेर।
कुत्ता लेगा घेर, ज्ञान यह निर्मल आया।
महामहिम सुप्रीम, कोर्ट ने स्वयं बताया।
कह साहिल कविराय, उच्चतम हैं वे ज्ञानी।
देंगे अंदर भेज, अगर ना आज्ञा मानी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 353 | SATURDAY DATE 10-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## हिमाचल प्रदेश बस हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख, आर्थिक मदद का किया ऐलान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में हुए बस हादसे पर दुख व्यक्त किया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पीएम मोदी के हवाले से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में बस हादसे में लोगों की मौत बहुत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदनाएं। घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से



प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा, हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के हरिपुरधार में बस हादसे में कई लोगों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को राहत एवं बचाव कार्यों पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। मौके पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता घायलों की सहायता के लिए मौजूद हैं। इसके साथ ही जेपी नड्डा ने कहा कि शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में आत्मबल प्रदान करें।

## संक्षिप्त खबरें

### हादसे में बच्ची समेत 4 की मौत, 7 घायल

**तुमकुरु, यूटर्न/ 09 जनवरी।** कर्नाटक के तुमकुरु जिले में शुक्रवार तडके भीषण सडक हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरा एक टेम्पो ट्रैवलर वाहन सडक किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में एक बच्ची समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी सबरीमाला मंदिर से लौट रहे थे। टक्कर से टेम्पो ट्रैवलर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतकों की पहचान साक्षी (7), वेंकटेशप्पा (30), मरटप्पा (35) और गविसिद्धप्पा (40) के रूप में हुई है। सभी मृतक कोप्पल जिले के रहने वाले थे। हादसे में सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कंक्रीट स्लैब गिरने से छात्र की मौत

**बालासोर, यूटर्न/ 09 जनवरी।** ओडिशा के बालासोर जिले के बलियापाल ब्लॉक में एक सरकारी स्कूल परिसर में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। स्कूल समय के दौरान गिरा कंक्रीट स्लैब एक कक्षा पांच के छात्र की जान ले गया। मृतक छात्र की पहचान प्रह्लाद धाला के रूप में हुई है, जो बलियापाल ब्लॉक के बड़स अपर प्राइमरी स्कूल में पढ़ता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना दोपहर के रेसेस ब्रेक के दौरान हुई, जब छात्र स्कूल परिसर में खेल रहे थे। इसी दौरान स्कूल में नए भवन के निर्माण कार्य के तहत लगाया गया एक कंक्रीट स्लैब अचानक टूटकर गिर पड़ा।

### राजकोट में 24 घंटे में 7 भूकंप आए

**राजकोट, यूटर्न/ 09 जनवरी।** गुजरात के राजकोट में पिछले 24 घंटे में भूकंप के 7 झटके महसूस किए गए। झटके हल्के थे जिससे किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक इन झटकों की तीव्रता 2.7 से 3.8 के बीच दर्ज की गई। एहतियात के तौर पर आसपास के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह 6 बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। पहला झटका सुबह 6:19 बजे, दूसरा झटका 6:55 बजे और तीसरा 6:58 पर आया।

## 11 महीनों में 11 साल जितना काम : रेखा गुप्ता



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर एक महिला मुख्यमंत्री को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम ने अपने पहले 11 महीनों में उतना काम कर लिया है, जितना आप सरकार ने 11 वर्षों में नहीं किया।

दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा समाप्त करते हुए मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि, मेरे द्वारा गलती से बोले गए कुछ शब्दों को आप नेताओं ने मुझे निशाना बनाने के लिए हथियार बना लिया है। उन्होंने आप नेताओं द्वारा सिख गुरुओं के लिए इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा की ओर इशारा करते हुए कहा, मेरी गलतियां अनजाने में हुई थीं, लेकिन आप जानबूझकर गलतियां कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री गुप्ता ने सदन में विपक्ष की नेता आतिशी द्वारा सिख गुरुओं के संदर्भ में कथित तौर पर प्रयुक्त आपत्तिजनक शब्दों और आप सरकार द्वारा 11 वर्षों में किए गए भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए कहा कि हम सिख गुरुओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अपनी छवि धूमिल करने के विपक्षी अभियानों का दृढ़ता से सामना करने के अपने संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह अपनी पूरी क्षमता से दिल्ली की जनता की सेवा करती रहेंगी।

उन्होंने कहा कि इन लोगों (आप नेताओं) को एक महिला मुख्यमंत्री को चौबीसों घंटे काम करते देखना पसंद नहीं है। यह बात उन्हें परेशान करती है, वे इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। कभी-कभी वे ऐसी बातें कहते हैं जिनसे उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। फिर वे घटिया टिप्पणियां करते हैं। फिर वे निराधार आरोप लगाते हैं। कभी-कभी वे शब्दों की मीन-मेख निकालते हैं।

उन्होंने कहा कि आपने (आम आदमी पार्टी) जो किया वह शब्दों की गलती नहीं थी। आपने जानबूझकर दिल्ली की जनता से झूठ बोला। अनशन से शीशमहल तक का सफर संयोग से नहीं हुआ... यह सोची-समझी साजिश थी। यह एक सोची-समझी राजनीति थी। यह एक षड्यंत्र था। अपनी सरकार के उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए उन्होंने भाजपा सरकार के 11 महीनों के कार्यकाल की आधारशिला के रूप में ह्लस्पष्ट नीति और स्वच्छ नीयतह्व पर प्रकाश डाला।

## उत्तराखंड सरकार ने अंकिता भंडारी प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने का फैसला किया

» **देहरादून, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

उत्तराखंड के पौड़ी जिले मे एक रिसॉर्ट की कर्मचारी अंकिता भंडारी की मौत और दोषियों को आजीवन कारावास की सजा घोषित होने के बाद मामले में किसी वीआईपी के शामिल होने से संबंधित दावों तथा लगातार चल रहे प्रदर्शनों के मद्देनजर शुक्रवार को राज्य सरकार ने इस प्रकरण की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का फैसला किया और कहा कि इसके लिए संस्तुति की जा रही है।

प्रकरण की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किये जा रहे थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों ने इस मांग को लेकर 11 जनवरी को ह्यउत्तराखंड बन्दह्न का आह्वान किया था।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि इस मामले में सरकार का उद्देश्य शुरू से अंत तक निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से न्याय सुनिश्चित करना रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी के



साथ हुई अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलते ही राज्य सरकार ने बिना किसी विलंब के पूर्ण संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक महिला भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रकरण से जुड़े सभी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया गया तथा राज्य सरकार की ओर से प्रभावी एवं सशक्त पैरवी सुनिश्चित की गयी, जिसका परिणाम यह रहा कि विवेचना और सुनवाई के दौरान किसी भी अभियुक्त को जमानत नहीं मिल सकी।

## ममता बनर्जी ने पद का दुरुपयोग किया, दस्तावेज ईडी को जमा कराएं : योगेंद्र चंदोलिया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**



कोलकाता में आईपैक पर ईडी की रेड और दिल्ली में टीएमसी सांसदों के प्रदर्शन की भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जिस प्रकार से ईडी की रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां पहुंचीं, यह पद का स्पष्ट दुरुपयोग है। उन्हें तुरंत ईडी को दस्तावेज जमा कराना चाहिए, नहीं तो ईडी को कार्रवाई करनी चाहिए।

नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद योगेंद्र चंदौलिया ने कहा कि ईडी ने रेड मारी है, तो कंपनी को ही जवाब देना चाहिए, लेकिन ममता बनर्जी खुद वहां पहुंच गईं। इसके बाद दिल्ली में टीएमसी सांसदों द्वारा गृह मंत्री के ऑफिस के बाहर विरोध किया गया। टीएमसी सांसदों को पता ही नहीं है कि विरोध कहां करना है। बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर ममता बनर्जी निरंकुश होती जा रही हैं और उन्होंने पद का गलत इस्तेमाल किया है। भाजपा सांसद ने कहा कि जब पश्चिम बंगाल में राज्यपाल ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम आदमी की सुरक्षा की कल्पना करना भी मुश्किल है। बंगाल की स्थिति क्या है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। उनके लोग बम बनाते हैं, लोगों को मारा जाता है। अगर राज्यपाल सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो क्या होगा?

## आप नेता का एडिटेड वीडियो शेयर करने के मामले में एफआईआर दर्ज

» **जालंधर, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

जालंधर पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से बताया गया कि दिल्ली की पूर्व सीएम और सदन में विपक्ष की नेता आतिशी का एडिटेड वीडियो शेयर करने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। जालंधर पुलिस कमिश्नरेट के एक प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली विधानसभा की विधायक और नेता प्रतिपक्ष आतिशी का एडिटेड और डॉक्टर्ड वीडियो अपलोड और सकुर्लेट करने के मामले में इकबाल सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी। इस शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पोस्ट अपलोड किए गए हैं, जिनमें एक छोटा वीडियो क्लिप है जिसमें दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी कथित तौर पर गुरुओं के खिलाफ अपमानजनक



और ईशनिंदा वाली बातें कर रही हैं, और साथ में बहुत भड़काऊ कैप्शन भी हैं। शिकायत के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के वीडियो को डाउनलोड कर फोरेंसिक जांच के लिए डायरेक्टर, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, पंजाब भेजा गया। फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट से पता चला कि आतिशी ने अपने ऑडियो में ह्यगुरुह्न शब्द नहीं बोला है, जैसा कि सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे वीडियो क्लिप में दिखाया जा रहा है।

पुलिस की तरफ से बताया गया कि वीडियो के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है ताकि कैप्शन में ऐसे शब्द शामिल किए जा सकें, जो आतिशी ने कभी बोले ही नहीं।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा में प्रदूषण पर चर्चा की मांग को लेकर दिल्ली के आप विधायकों ने विधानसभा में जबरदस्त हंगामा किया था। इसी हंगामे के दौरान आतिशी माइक बंद होने पर भी सदन में बोल रही थीं। इसका वीडियो शेयर कर उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने गुरुओं के खिलाफ अपमानजनक और ईशनिंदा वाली बातें कहीं।

हालांकि, पंजाब की जालंधर पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर उन्होंने जांच की और पाया कि वीडियो एडिटेड है। इसके बाद दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### चिकन प्वाइंट पर रोटी पर थूकने का वीडियो वायरल

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र की वर्धमान पुलिस चौकी के नजदीक एक चिकन प्वाइंट पर खाना खा रहे युवकों ने रोटी बना रहे युवक का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। युवक रोटी बनाने के दौरान उस पर थूकने का कृत्य करता नजर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम मेरठ रोड स्थित एवन चिकन प्वाइंट कॉर्नर नाम की दुकान का एक वीडियो ग्राहकों ने वायरल किया। एसीपी ने बताया कि युवक रोटी बनाने के दौरान उन पर थूककर सेंकता नजर आ रहा है। वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी युवक को चिकन प्वाइंट से ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना नाम जावेद अंसारी (20) निवासी मुरादनगर बताया है। यह चिकन प्वाइंट वसीम नाम के युवक का है लेकिन इस दौरान वह दुकान पर नहीं था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को जेल भेजा जाएगा।

### महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला

**लोनी, यूटर्न/ 09 जनवरी।** जवाहर नगर कॉलोनी में बृहस्पतिवार को घर के अंदर कमरे में महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तब घटना का पता चला। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि जवाहर नगर कॉलोनी में रहने वाले अरविंद की पत्नी का शव घर के अंदर फंदे पर लटका हुआ मिला। मामले में परिजनों से पूछताछ में पता चला कि कोमल देवी (23) की शादी करीब दो साल पहले हुई थी। महिला के परिजनों को सूचना देकर महिला के शव कब्जे में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चलेगा।

# पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का किया खुलासा, शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

» **नोएडा, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

नोएडा के थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में हुई एक बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई भारी नकदी बरामद करने के साथ-साथ उसके बैंक खाते में जमा रकम को भी फ्रीज कराया है।




यह कार्रवाई दिनांक 8 जनवरी 2026 को की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शिखर खुराना पुत्र अजय खुराना के रूप में हुई है। अभियुक्त को मल्टीलेवल कार पार्किंग के सामने फुटपाथ से गिरफ्तार किया गया। उसकी उम्र मात्र 21 वर्ष है और वह काफी शातिर तरीके से अपराध को अंजाम देता था। अभियुक्त मूल रूप से वसुंधरा पार्क वन, भूरा रानी रोड, रुद्रपुर (उत्तराखंड) का निवासी है, जबकि वर्तमान में वह सेक्टर-151, नोएडा के वी-1, एल्डीगो में रह रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त ने दिनांक 5 जनवरी 2026 को डीएलएफ मॉल पर पीड़ित से पहले फोन पर बातचीत की थी।

इसके बाद उसने फॉरेक्स कॉइन ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाए। भरोसा जीतने के बाद अभियुक्त ने मौके का फायदा उठाते हुए कार में रखा पैसों से भरा बैग चोरी कर लिया और फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-20 में मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की।

पुलिस की सतर्कता और तकनीकी जांच के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से चोरी किए गए 4 लाख 60 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

# चौथे दिन भी चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर

## एक दिन के लिए बढ़ाया गया विधानसभा का शीतकालीन सत्र

» **दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में हंगामा थम नहीं रहा है। लगातार दूसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। बृहस्पतिवार सेशन का चौथा दिन आरोप-प्रत्यारोप और नारेबाजी में उलझा रहा। इस बीच नेता प्रतिपक्ष आतिशी का लगातार दूसरे दिन सदन से गायब रहना विधानसभा अध्यक्ष को खटक गया। स्पीकर ने इसे गंभीर मानते हुए कड़े शब्दों में नाराजगी जताई और स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। हंगामे के बीच इस दौरान सदन को चार बार स्थगित करना पड़ा। हालात को देखते हुए अध्यक्ष ने सत्र को एक दिन बढ़ाने का फैसला किया, अब विधानसभा शुक्रवार को भी चलेगी। शीतकालीन सत्र के चौथे दिन की शुरूआत से ही सदन में माहौल



गर्म रहा। सत्ता पक्ष भाजपा और विपक्ष आम आदमी पार्टी के सदस्य एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे। दोनों ओर से नारेबाजी तेज थी और सदन की कार्यवाही चलाना मुश्किल रहा। हंगामे के कारण विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को अपनी चेयर छोड़नी पड़ी। उन्होंने दोनों पक्षों को शांत कराने और सदन की गरिमा बनाए रखने की कई कोशिशें कीं, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। नतीजतन करीब आधे घंटे तक कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो भी हालात में कोई खास सुधार नहीं हुआ। जैसे ही सदस्य सदन में लौटे, वही आरोप-प्रत्यारोप और शोर-शराबा फिर शुरू हो गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने नेता प्रतिपक्ष के कथित बयान में हेरफेर कर एक फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाया है। विपक्ष ने इसे सदन की मयार्दा के खिलाफ बताते हुए मंत्री की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग कर दी।

### विपक्ष के आरोप पर स्पीकर गंभीर, होगी फोरेंसिक जांच

नेता प्रतिपक्ष की ओर से गुरुओं के कथित अपमान से जुड़े वायरल वीडियो की सच्चाई पर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी ने इसकी जांच की मांग की। इस पर स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा सचिवालय को वीडियो की फोरेंसिक जांच कराने के निर्देश दिए। तय किया गया कि जांच रिपोर्ट 15 दिन के भीतर विधानसभा अध्यक्ष को सौंपी जाएगी, ताकि सच सामने आ सके। इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष की सदन में कथित गुरुओं को अपमानित करने वाली टिप्पणी और सोशल मीडिया पर प्रसारित इसके विडियो की जांच विशेषाधिकार समिति को सौंपने का निर्णय लिया। एक अन्य ऐसे ही मामले में विधायक हरीश खुराना की शिकायत पर आप विधायक जरनैल सिंह के खिलाफ भी विशेषाधिकार समिति को जांच के निर्देश मिले हैं। आरोप है कि आप पार्टी के ये विधायक सोशल मीडिया पर स्पीकर के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### एक दिन के लिए बढ़ाया सत्र

दोपहर बाद अध्यक्ष ने सदन की स्थिति को देखते हुए शीतकालीन सत्र को एक दिन के लिए बढ़ाने की घोषणा की और सदन को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। अब विधानसभा शुक्रवार को भी बैठेगी। हालांकि सवाल यह है कि क्या उस दिन कोई सार्थक बहस हो पाएगी या फिर हंगामा ही हावी रहेगा। सत्र को बढ़ाने का प्रस्ताव मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिया था। अब तक के सत्र पर नजर डालें तो चार दिन करीब बेकार ही गए हैं। इस दौरान जनता के मुद्दों पर गंभीर चर्चा न के बराबर हुई है। दिल्ली के लोगों से जुड़े अहम सवाल, जैसे प्रदूषण, शिक्षा, प्रशासन और वित्त सदन में शोर की भेंट चढ़ते रहे।

### दीपक अगरौला गैंग का सदस्य मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**लोनी, यूटर्न/ 09 जनवरी।** हत्याओं की पैरवी कर रहे डीलर मुकुल बंसल को गोली मारने वाले दीपक अगरौला गैंग के सदस्य को पुलिस ने अंकुर विहार गढ़ी कटैया कट के पास से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसको अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने कार, रिवाल्वर, तीन कारतूस और तीन खोखे बरामद किए हैं।

एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बीते 25 दिसंबर को अंकुर विहार थाना क्षेत्र के सभापुर कट के पास कार धुलवाने पहुंचे प्रॉपर्टी डीलर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी।

इस घटना में दीपक अगरौला के भाई मुन्ना और संजीत के नाम सामने आए थे। दोनों दीपक अगरौला गैंग के सदस्य हैं। कुछ समय पूर्व दीपक के भाई मुन्ना ने दिल्ली में सरेंडर कर दिया था। संजीत फरार चल रहा था। पुलिस की टीम गढ़ी कटैया कट के चेकिंग कर रही थी। इस दौरान टीम ने बिना नंबर की कार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। जिस पर कार चालक ने भागने का प्रयास किया। इस दौरान कार डिवाइडर से टकरा गई। कार टकराने के बाद चालक ने कार से उतरकर एक निमार्णाधीन प्लॉट की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर तीन राउंड फायर किए। टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाएं पैर में गोली जा लगी। गोली लगने पर बदमाश घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम संजीत निवासी कनारसी थाना दनकौर जनपद गौतमबुद्ध नगर पर बताया।

### मोपेड से घर लौट रहे पिता-पुत्र को कार ने मारी टक्कर

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** थानाक्षेत्र स्थित अर्थला कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र सिंह और उनके बेटे सुशांत सिंह को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा सात जनवरी की देर रात करीब 12 बजे का है। दोनों पिता-पुत्र का एमएमजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनके पैरों में कई जगह फ्रेक्चर हुआ है। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया है। एसीपी श्वेता यादव ने बताया कि बुधवार रात धर्मेंद्र सिंह अपने बेटे सुशांत के साथ मोपेड पर मोहन नगर से घर की तरफ जा रहे थे। उन्होंने नरेंद्र मोहन अस्पताल के सामने यू-टर्न से मोपेड को गाजियाबाद की तरफ मोड़ दिया। तभी दिल्ली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में घायल पिता-पुत्र को स्थानीय लोगों ने मोहन नगर अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। हालत गंभीर होने की वजह से दोनों को एमएमजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां धर्मेंद्र सिंह के सिर, कंधे में चोट के साथ बाएं पैर में कई जगह फ्रेक्चर की पुष्टि हुई। वहीं सुशांत के बाएं पैर में घुटने से ऊपर के हिस्से में फ्रेक्चर हुआ है। एसीपी ने बताया कि कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है। पीड़ित पक्ष की तरफ से लिखित तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### दिल्ली विधानसभा परिसर में आप का प्रदर्शन

## कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

दिल्ली विधानसभा परिसर में आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी ने दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा पर फर्जी और भ्रामक वीडियो फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। आप विधायक संजीव झा, जरनैल सिंह और कुलदीप कुमार ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक संजीव झा ने कहा कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए एक फर्जी वीडियो फैलाया गया, जिसमें गुरु साहिब का नाम जोड़ा गया। कपिल मिश्रा ने वीडियो का गलत ट्रांसक्रिप्ट लिखा और उसे जानबूझकर प्रसारित किया। यह बेहद शर्मनाक हरकत है। हमने मांग की है कि इस वीडियो पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए और इसे फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

उन्होंने आगे कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तक इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए। पहले कहा गया था कि कार्रवाई होगी। हमें उम्मीद है कि अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के फर्जी वीडियो फैलाने की हिम्मत न कर सके। कपिल मिश्रा पर आरोप लगाते हुए आप विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि उन्होंने एक वीडियो को एडिट कर प्रसारित किया, जिसमें मंत्री आतिशी कुछ कह रही हैं, लेकिन स्क्रीन पर अलग टेक्स्ट दिखाया गया। उन्होंने कहा, यह साफ तौर पर गलत सूचना फैलाने का मामला है। कपिल मिश्रा के खिलाफ इस वीडियो को लेकर कार्रवाई होनी चाहिए। जिन्होंने भी यह वीडियो साझा किया है, उन सभी विधायकों पर भी कार्रवाई हो।

## मालिक से 3 .25 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाला युवक शिमला से गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

नई दिल्ली, 9 जनवरी (आईएएनएस)। दिल्ली के द्वारका में थाना द्वारका साउथ पुलिस ने मालिक से 3.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी मामले का खुलासा करते हुए आरोपी युवक को शिमला से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से नेट बैंकिंग का दुरुपयोग कर यह रकम मालिक के बैंक खाते से निकाली थी।

पुलिस के मुताबिक यह मामला 15 नवंबर 2025 को सामने आया, जब थाने में चोरी की सूचना प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसके नौकर मुन्ना कुमार ने धोखे से उसके बैंक खाते से बड़ी रकम निकाल ली है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ द्वारका साउथ इंस्पेक्टर राजेश कुमार साह के नेतृत्व में तथा एसीपी किशोर कुमार रेवाला की



समग्र देखरेख में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में एचसी प्रवीण यादव, एचसी धीरज, एचसी कुलदीप और एचसी भूषण प्रसाद शामिल थे। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उसने किसी को पैसे ट्रांसफर करने की कोशिश की तो बैलेंस कम होने के कारण ट्रांजैक्शन फेल हो गया।

## वैन में सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दोनों आरोपियों को पीड़िता ने पहचाना

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** लिफ्ट के बहाने ईको वैन में बैठाकर सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपियों को पीड़िता ने पहचान लिया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस की टीम सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को लेकर नीमका जेल पहुंची। यहां पर दोनों आरोपियों से मिलते-जुलते कद-काठी के लगभग 10 कैदियों को खड़ा किया गया था। पीड़िता ने दोनों आरोपियों को इनमें से पहचान लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में इस कार्रवाई को भी पुलिस आरोपियों के खिलाफ अहम सबूत के तौर पर चालान में शामिल करेगी।

सामूहिक दुष्कर्म की ये वारदात 29 दिसंबर की देर रात को हुई। महिला अपनी मां से गुस्सा होकर अपनी सहेली से मिलकर लौट रही थी। सड़क किनारे खड़ी होकर वो सवारी वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी ईको वैन सवार दो युवकों ने लिफ्ट के बहाने उसे गाड़ी में बैठाकर और बातचीत कर उसका दुख-दर्द जाना। महिला ने बताया कि वो पति से अलग बच्चों के साथ रहती है। इस पर आरोपियों ने उसे 600 रुपये यूपीआई से ट्रांसफर भी किए और फिर जबरन वैन को लॉक कर पीड़िता का मोबाइल छीन उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# पूर्व मंत्री अनूप धानक ने सुनी जन समस्याएं पेयजल सप्लाई में सीवरेज मिश्रण का मुद्दा उठाया

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 09 जनवरी। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अनूप धानक ने स्थानीय किसान विश्राम गृह में हलका उकलाना के लोगों की जन समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति में सीवरेज का पानी मिलने की गंभीर समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। पूर्व मंत्री अनूप धानक ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है, और इस प्रकार की लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए तकनीकी जांच करवाई जाए तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अनूप धानक ने प्रदेश सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता को बुनियादी सुविधाएं पारदर्शी और प्रभावी ढंग से उपलब्ध करवाना है। पेयजल, सीवरेज, सड़क और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


इस अवसर पर श्रीनिवास गोयल, पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों को निरंतर गति दे रही है और आमजन की सुविधाओं को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## 100 करोड़ से अधिक लोगों के दिलों में बसी, सिर्फ भाषा नहीं, भावों की अभिव्यक्ति है हिंदी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।** हिंदी भाषा ही नहीं भावों की अभिव्यक्ति है, सदियों से हर भारतीय के शब्दों की शक्ति है। भारत की अनेकता को एकता के सूत्र में पिरोने वाली हिंदी आज मात्र देश तक सीमित नहीं है। यह विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हर साल 10 जनवरी को ह्यविश्व हिंदी दिवस हर भारतीय को हिंदी भाषा की सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक महत्व पर गर्व के साथ हिंदी के विस्तार के लिए और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। गौरवान्वित महसूस होता है, जब हिंदी यूनेस्को की 9 कामकाजी भाषाओं में से एक के रूप में चुनी और गिनी जाती है। बहुत सरल, सहज और सरल भाषा होने के साथ हिंदी ऐसी वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनियाभर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। आज दुनिया में 100 करोड़ से ज्यादा लोग हिंदी बोलते या समझ लेते हैं। पिछले साल जब वैश्विक भाषाई कुंजी के रूप में हिंदी की महत्ता का जश्न संयुक्त राष्ट्र ने भी मनाया, तब संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने विश्व हिंदी दिवस के उस दिन की याद दिलाई, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में 1949 में पहली बार हिंदी बोली गई थी। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के शैक्षणिक व सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने 1948 में हिंदी को अपनी आधिकारिक भाषाओं की सूची में शामिल किया था। तभी से भारत और पड़ोसी देशों में यूनेस्को का बहुत सारा काम हिंदी में किया जाता है। भारत में पहली बार हिंदी दिवस वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को मनाया था। तभी से यह दिवस विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है।

## आवारा कुत्तों को खाना खिलाने पर महिला से बदसलूकी हो तो एफआईआर दर्ज कराए : सुप्रीम कोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।



सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के प्रबंधन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान साफ कहा कि अगर किसी महिला को कुत्तों को खाना खिलाने के कारण मारपीट, छेड़छाड़ या अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है, तो वह थाने में एफआईआर दर्ज करा सकती है या जरूरत पड़ने पर हाई कोर्ट में राहत मांग सकती है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे अपमानजनक बयान और टिप्पणियां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आतीं।

सुनवाई के दौरान एनिमल राइट्स संगठन की ओर से पेश वकील महालक्ष्मी पावनी ने बताया कि कुत्तों को खाना देने वाली कई महिलाओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की घटनाएं हुई हैं। सोशल मीडिया पर उन्हें ह्यकुत्तों के साथ सोने वालीह्ल जैसी अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणियों की गईं। कोर्ट ने इन आरोपों पर गंभीरता दिखाई और कहा कि अगर किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचती है, तो वह पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकती है।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह हर व्यक्तिगत शिकायत पर सुनवाई नहीं कर सकता। कोर्ट का मुख्य मुद्दा आवारा कुत्तों के प्रबंधन, उनकी सुरक्षा और जनता की सुरक्षा से जुड़ा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह सुनवाई कुत्तों के साथ क्रूरता या हमलों के वीडियो के मुकाबले में नहीं बदली जा सकती।

डॉग राइट्स एक्टिविस्टों की ओर से वरिष्ठ वकील राज शेखर राव ने कोर्ट से आग्रह किया कि वे कुछ वीडियो देखें, जिनमें कुत्तों के साथ दुर्व्यवहार दिख रहा है। लेकिन, कोर्ट ने इन वीडियो को देखने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट पर ऐसे अनगिनत वीडियो मौजूद हैं, जिनमें कुत्ते बच्चों और बुजुर्गों पर हमला करते दिखते हैं। कोर्ट नहीं चाहता कि मामला वीडियो के मुकाबले में बदल जाए। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि कोर्ट को इस मामले में विशेषज्ञों की राय लेनी चाहिए। उन्होंने अरावली केस का हवाला देते हुए कहा कि उस मामले में समिति में ज्यादातर नौकरशाह थे, इसलिए दोबारा विचार करना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस केस में भी ऐसी स्थिति नहीं बननी चाहिए।

## सीईओ ने की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक, जल प्रदूषण समेत विभिन्न सेवाओं पर कड़े निर्देश

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।




शहर में जनहित से जुड़े मुद्दों, बुनियादी ढांचे और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) महोदय द्वारा आज विभिन्न विभागों की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सार्वजनिक सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभागों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना होगा। बैठक के दौरान हाल ही में इंदौर में जल प्रदूषण के कारण हुई जनहानि को अत्यंत गंभीरता से लिया गया।

इस घटना को देखते हुए सीईओ महोदय ने जल विभाग के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति के गठन के निर्देश दिए। यह समिति शहर की पाइपलाइनों में संभावित रिसाव, जंग लगने की समस्या, जलाशयों की स्थिति तथा वॉटर एटीएम में उपलब्ध पानी की शुद्धता की गहन जांच करेगी। समिति विभिन्न क्षेत्रों से पानी के सैंपल एकत्र कर उनकी वैज्ञानिक जांच करेगी और जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।

इसके साथ ही गंगा जल परियोजना के संबंध में भी सीईओ ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि 80 क्यूसेक गंगा जल परियोजना से जुड़े सभी कार्य जनवरी 2026 तक हर हाल में पूरे किए जाएं। समीक्षा बैठक में सड़क बुनियादी ढांचे की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सड़कों के सुधार और रखरखाव के लिए एसीईओ वंदना त्रिपाठी और ओएसडी महेंद्र प्रसाद की सदस्यता वाली एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

सीईओ के निर्देशों के अनुपालन में इस टीम ने आज ही मास्टर प्लान रोड-3 के पूरे स्ट्रेच का निरीक्षण किया और यह निर्णय लिया गया कि 15 दिनों के भीतर सड़क सुधार के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त, तालाबों के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर सीईओ ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्माण कार्य में देरी करने वाले ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि कार्य में तेजी लाई जाए, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सीईओ ने सफाई व्यवस्था के लिए अत्याधुनिक ह्यमैकेनाइज्ड मशीनोंह्ल और नालों की सफाई हेतु ह्यमीडियम साइजह्ल उपकरणों की खरीद के निर्देश दिए। शहर में व्याप्त गंदगी और कार्य में शिथिलता को गंभीर मानते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के चार में से तीन सहायक परियोजना अभियंताओं उमेश चंद, राहुल गुप्ता और सुशील कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

साथ ही, इनके वेतन आहरण पर अगले आदेश तक रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीईओ ने अंत में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, जनहित को सर्वोपरि रखने और तय समय सीमा में योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

## एक देश, एक चुनाव : सशक्त लोकतंत्र, तेज विकास और मजबूत भारत की आधारशिला : अनिल शर्मा तोशाम

» हरियाणा, यूटर्न/ 09 जनवरी।



भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। यहां लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जनकल्याण का सशक्त माध्यम है। समय के साथ लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी, व्यावहारिक तथा विकासोन्मुखी बनाने की आवश्यकता निरंतर महसूस की जाती रही है। इसी दिशा में एक देश, एक चुनावह्ल की अवधारणा वर्तमान समय की सबसे महत्वपूर्ण और दूरदर्शी सुधारात्मक पहल है।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश टोली सदस्य अनिल शर्मा (तोशाम) ने कहा कि बार-बार होने वाले लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय एवं पंचायत चुनावों के कारण देश का प्रशासनिक ढांचा लगातार चुनावी प्रक्रिया में उलझा रहता है। इससे न केवल सरकारी कामकाज प्रभावित होता है, बल्कि विकास योजनाओं की गति भी धीमी पड़ जाती है। एक देश, एक चुनाव लागू होने से देश को इस समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि चुनावों पर होने वाला हजारों करोड़ रुपये का खर्च देश की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ डालता है। यदि सभी चुनाव एक साथ हों, तो यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों के कल्याण, युवाओं के रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास में लगाई जा सकती है। इससे जनता को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा। अनिल शर्मा ने कहा कि बार-बार आदर्श आचार संहिता लागू होने से सरकारें नीति निर्धारण और निर्णय लेने में सीमित हो जाती हैं। विकास कार्यों की फाइलें रुक जाती हैं और योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित होता है। एक देश, एक चुनाव से सरकारें पूरे कार्यकाल में निर्बाध रूप से जनता के लिए काम कर सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि निरंतर चुनावी माहौल देश की राजनीति को मुद्दों से भटकाकर केवल चुनाव-केंद्रित बना देता है। इससे समाज में अनावश्यक तनाव, जातीय और क्षेत्रीय विभाजन बढ़ता है।

## विवाह-शादीयों में बढ़ती फिजूल खर्ची, धन का प्रदर्शन : टूटता मध्यम वर्ग

» हरियाणा, यूटर्न/ 09 जनवरी।



आज के समय में विवाह-शादियाँ केवल संस्कार और पारिवारिक उत्सव भर नहीं रहीं, बल्कि वे धन-प्रदर्शन की होड़ बनती जा रही हैं। भव्य पंडाल, महंगी केटरिंग, बड़े-बड़े रिसॉर्ट्स, सजावट पर लाखों-करोड़ों का खर्च– यह सब मानो इस बात की घोषणा हो कि ह्यहम भी किसी से कम नहीं ह्ल धनवान व्यक्ति यदि अपनी सामर्थ्य के अनुसार खर्च करता है तो यह उसका निजी अधिकार है, उसे कोई रोक नहीं सकता। परंतु इस प्रवृत्ति का सबसे घातक दुष्प्रभाव मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है, जिसका अनुमान समाज शायद अभी ठीक से नहीं लगा पा रहा। समस्या यह है कि समाज में एक अघोषित दबाव बन चुका है। कोई भी व्यक्ति अपने आप को दूसरों से कम आंकलन करवाना नहीं चाहता। परिणामस्वरूप, लोग अपनी आर्थिक हैसियत से कहीं अधिक खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। विवाह जैसे पवित्र संस्कार में भी लोग क्या कहेंगे का भय सबसे बड़ा निर्णायक बन गया है। यह भय इतना गहरा है कि लोग जीवनभर का सुकून दांव पर लगाने से भी नहीं हिचकते। कुछ वर्ष पूर्व का एक व्यक्तिगत अनुभव इस सामाजिक त्रासदी को बहुत स्पष्ट करता है। मेरे एक परिचित मेरे पास आए और बोले कि बेटे की रिसेप्शन रखनी है, ब्याज पर धन की व्यवस्था करवा दीजिए। मैंने उन्हें समझाने का प्रयास किया कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने से उनकी पूरी जिंदगी कर्ज और ब्याज चुकाने में निकल जाएगी। उनका उत्तर चौंकाने वाला था–क्या फिर समाज में मैं अपनी नाक कटवा लूं? यह एक वाक्य आज के सामाजिक यथार्थ को नंगा कर देता है। समाज की झूठी प्रतिष्ठा के लिए लोग अपने बच्चों का भविष्य तक गिरवी रखने को तैयार हैं।

# चिड़ियाघर, नाइट सफारी और पुराना किला के लिए एक ही टिकट की तैयारी

## कॉम्बो ऑफर पर चल रहा है विचार



» दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।

राष्ट्रीय प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) आने वाले वर्षों में दर्शकों को एक बिल्कुल नया, आधुनिक और बहुआयामी अनुभव देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। चिड़ियाघर के व्यापक पुनर्विकास और आधुनिकीकरण की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रबंधन अब एक ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रहा है, जिसमें पर्यटक एक ही टिकट के माध्यम से चिड़ियाघर, प्रस्तावित नाइट सफारी, अत्याधुनिक एक्वेरियम और ऐतिहासिक पुराना किला का भ्रमण कर सकें। इस प्रस्तावित व्यवस्था को कॉम्बो टिकट के रूप में लागू करने की योजना पर मंथन किया जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नाइट सफारी को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया है। यह योजना पुनर्विकास के तीसरे चरण का हिस्सा है और पूरी तरह इस बात पर निर्भर करेगी कि दूसरे चरण का लेआउट किस तरह से तैयार होता है और वहां पर्याप्त जगह उपलब्ध होती है या नहीं।

अधिकारियों के अनुसार, नाइट सफारी के लिए बड़े और विशेष रूप से डिजाइन किए गए क्षेत्र की जरूरत होगी, ताकि जानवरों के लिए सुरक्षित और प्राकृतिक माहौल बनाया जा सके। यदि यह संभव नहीं हुआ तो नाइट सफारी की योजना को सीमित किया जा सकता है या आगे टाल भी दिया जाएगा। इसी के साथ पुराना किला और चिड़ियाघर के लिए साझा पार्किंग, सुविधाएं और सेवाएं विकसित करने पर भी काम चल रहा है।

# दुष्कर्म के बाद कोच ने खिलाड़ी के माता-पिता से ही की थी शिकायत, मेरी बातें कम सुनती है आजकल

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।

राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग शूटर खिलाड़ी से दुष्कर्म के बाद कोच अंकुश भारद्वाज ने उसके माता-पिता से उल्टे किशोरी की ही शिकायत कर दी। कोच ने खिलाड़ी के माता-पिता को कहा कि वो आजकल मेरी बात नहीं सुनती है। इस शिकायत पर मां ने खिलाड़ी को डांट भी लगाई और कहा कि तुम कोच सर की बात क्यों टाल रही है।

खिलाड़ी ने बताया कि इतना सब होने के बाद भी कोच नॉर्मल व्यवहार करता रहा। वो पहले ही तरह ही शूटिंग ट्रेनिंग को लेकर व्हाट्सएप पर खिलाड़ी को मैसेज करता रहा। खिलाड़ी के माता-पिता भी उससे हमेशा की तरह कोच से बात करते रहे।

खिलाड़ी ने बताया कि इस सबसे वो इतनी परेशान रहने लगी कि नींद आना बंद हो गया। मां उससे बार-बार पूछती थी कि इतना स्ट्रेस में क्यों हो। तब आखिरकार उसने 6 जनवरी को अपनी मां को कोच की करतूत के बारे में बताया।




### उस दिन अकेली नहीं होती तो शायद बच जाती

खिलाड़ी ने बताया कि माता-पिता ने ही अगस्त 2025 को राष्ट्रीय स्तर के कोच अंकुश भारद्वाज को चुना कि इससे कोचिंग लो। जब भी मैं कोच के कहे अनुसार जाती थी तो कई बार मां या पिता साथ जाते थे। 16 दिसंबर को नेशनल मैच के लिए खिलाड़ी डॉक्टर कर्णी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद दिल्ली गई तो उस दिन अकेली ही पर्सनल टैक्सी में गई थी। इसी कारण कोच ने उसे मैच के बाद रोका और फिर ताज होटल में बहाने से बुलाया। खिलाड़ी के अनुसार उस दिन भी मां या पिता साथ होते तो शायद उसके साथ कोच ये गलत काम नहीं कर पाता।

### हिम्मत जुटाकर कोच को धक्का दिया

खिलाड़ी ने बताया कि बैड पर गिराकर कोच ने उसका सिर दबा दिया था। इसके बाद आरोपी ने गलत काम किया। बचने के लिए उसने हिम्मत जुटाकर कोच को धक्का भी दिया। फिर जब किशोरी वहां से भागने की कोशिश करने लगी तो आरोपी ने करियर बर्बाद करने की धमकी दी। आरोपी ने किशोरी को नॉर्मल व्यवहार करने के लिए कहा। आरोपी बोला कि जैसे नॉर्मल बात करती हो वैसे बात करो। आरोपी ने कहा कि नीचे मेरे साथ चलो, मैं ही तुम्हे गाड़ी तक छोड़कर आऊंगा।

### फरीदाबाद में भिवानी की शूटर से भी हो चुका है दुष्कर्म

फरीदाबाद में 16 दिसंबर 2025 को ऐसा ही एक मामला भिवानी की शूटर के साथ भी हो चुका है। फरीदाबाद के होटल में भिवानी की 22 वर्षीय महिला शूटर के साथ भी दुष्कर्म हुआ था।

जिस होटल में शूटर के साथ रेप हुआ, उसमें पहले पार्टी हुई। इस पार्टी में राजस्थान की एक महिला शूटर ज्योति, उसका हरियाणवी बॉयफ्रेंड गौरव और उसका दोस्त सतेंद्र भी थे। इसी दौरान भिवानी की शूटर को कुछ नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया गया।

# फर्जी एप पर शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराकर 17.58 लाख रुपये ठगे

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।

साइबर ठगों ने इंदिरापुरम क्षेत्र में रहने वाली श्रुति खंडेलवाल से शेयर ट्रेडिंग के फर्जी मोबाइल फोन एप के माध्यम से निवेश के नाम पर 17 लाख 58 हजार 987 रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता का दावा है कि साइबर ठग अभी भी उन पर रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बना रहे हैं। आरोपी ग्रुप और मोबाइल पर अभी भी लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध केशव चौधरी ने बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र की वसुंधरा स्थित फ्रेंडस सोसायटी में रहने वाली श्रुति खंडेलवाल के मुताबिक 15 अक्तूबर को उन्होंने डीबीएस क्वॉलिटी स्टॉक रिकमेंडेड व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग में जानकारी हासिल करनी चाही।

ग्रुप में रजत वर्मा नाम के युवक ने कुछ दिनों तक शेयर बाजार, ग्रो, अपस्टॉक्स जैसे वैध प्लेटफॉर्म पर शेयर खरीदने के टिप्स दिए। कुछ दिनों बाद पांच से 10 प्रतिशत का लाभ दिलाने का झांसा देकर शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराया।

तीन नवंबर को उन्होंने डीबीएस क्विकलिटी स्टॉक फर्जी मोबाइल एप पर निवेश करना शुरू कराया। शुरूआत में कुछ मुनाफा भी हुआ और धनराशि खाते से निकाल ली। इसके बाद आरोपियों ने आईपीओ में निवेश करने के टिप्स दिए। इनके शेयर में निवेश करने का दबाव बनाया। लाखों रुपये निवेश कर उन्होंने डी-मैट खाते से रुपये निकालने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। शिकायत करने पर साइबर ठगों ने उनसे खाते में दर्शाए जा रही धनराशि का 20 प्रतिशत यानि 10 लाख रुपये जमा कराए। इसके बाद भी वह अपने खाते से रुपये नहीं निकाल सकी और ठग अतिरिक्त धनराशि ट्रांसफर करने का लगातार दबाव बना रहे हैं।




टैक बैंक की हरमू हाउसिंग कॉलोनी शाखा में ऋण धोखाधड़ी जांच शुरू कर दी है।

> अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध केशव चौधरी ने बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र की वसुंधरा स्थित फ्रेंडस सोसायटी में रहने वाली श्रुति खंडेलवाल के मुताबिक 15 अक्तूबर को उन्होंने डीबीएस क्वॉलिटी स्टॉक रिकमेंडेड व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग में जानकारी हासिल करनी चाही।

# तीन की जगह चार मंजिल का बनाया भवन, जीडीए ने लगाई सील

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।




प्रताप विहार में तीन की जगह चार मंजिल का मकान बनाने पर जीडीए की टीम ने सीलिंग की कार्रवाई की है। इसके साथ ही बृहस्पतिवार को जोन एक और चार में कई स्थानों पर अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई की गई है।

जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रताप विहार सेक्टर 12 भूखंड संख्या-जे-38 पर अवैध निर्माण हो रहा था। निर्माणकर्ता को कारण बताओं नोटिस भेजा गया था। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर मौके पर टीम ने निरीक्षण किया। मौके पर स्वीकृत तीन मंजिल की जगह चार मंजिल का निर्माण पाया गया। अवैध निर्माण को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया। वहीं प्रताप विहार सेक्टर 12 में ही भूखंड संख्या -एल-285 पर भी अैध निर्माण किया जा रहा था जिसे नोटिस देकर पूर्व में रोका गया था लेकिन मौके पर निर्माण पाया गया। सीलिंग की कार्रवाई की गई। इसके साथ सेक्टर 12 प्रताप विहार में ही एक और भवन को अवैध निर्माण पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

**25 बीघे में अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर :** गाजियाबाद। जीडीए अपर सचिव ने बताया कि जोन एक में लगभग 25 बीघा में निर्मित तीन अवैध कॉलोनियों में कॉलोनाइजरों की ओर से बनाई गई सड़क, चहारदीवारी, साइट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया।

# कर्मचारी को हटाने की मांग, धरने पर बैठे सभासद

» खोड़ा, यूटर्न/ 09 जनवरी।

नगरपालिका में बृहस्पतिवार को सभासदों ने कर्मचारी को हटाने की मांग कर धरना दिया। इसमें पूर्व चेयरमैन रीना भाटी समेत बड़ी संख्या में सभासद पालिका परिसर पर धरने पर बैठे। सभासदों का आरोप है की कर विभाग में कार्यरत एक आउटसोर्सिंग कर्मचारी ने वार्ड आठ के भाजपा सभासद राहुल राजोरिया के साथ अभद्रता और गाली-गलौज की।

मामले की जानकारी होने पर खोड़ा नगर पालिका में सभासदों का जुटना शुरू हो गया और एक बजे सभासद नगर पालिका परिसर पर नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। हालांकि इस बीच खोड़ा नगरपालिका में ईओ सहित कई अधिकारी नदारद रहे।

सभासदों ने फोन कर ईओ को मौके पर आने के लिए कहा, लेकिन ईओ ने डीएम के साथ बैठक का हवाला देते हुए आने देरी होने की बात कही। इसके बाद सभासदों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी।



दोपहर तकरीबन दो बजे सभासद नारेबाजी करते हुए नगरपालिका के अंदर दाखिल हुए जहां टैक्स विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारी के साथ उनकी तीखी नोक झोंक भी हुई।

# हिंडन पर चार लेन की पुल को मिली हरी झंडी

» साहिबाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।

वसुंधरा और सिद्धार्थ विहार योजना को जोड़ने के उद्देश्य से लंबे अर्से से चल रही चार लेन पुल बनाए जाने की मांग को लेकर आयुक्त की बैठक में हरी झंडी मिल गई है। बुधवार को हुई बैठक में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने पुल निर्माण को विभागीय मंजूरी दे दी है। दिसंबर की बोर्ड बैठक में अब इस प्रस्ताव विभाग की मुहर लग जाएगी।

वर्तमान में हिंडन बैराज पर सिंगल लेन पुल है, जिस पर दोनों ओर का यातायात निर्भर है। ऐसे में सुबह-शाम इस पुल पर लंबा जाम लगता है। अब नया पुल बन जाने से न केवल सिद्धार्थ विहार में रहने वाली बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। बल्कि सिद्धार्थ विहार, प्रताप विहार और ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लाखों लोगों को हर दिन सुबह-शाम की जाम से राहत भी मिलेगी। पुल के साथ ही एलीवेटेड रोड से कनेक्टिविटी की भी योजना है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि हिंडन बैराज से करीब 50 मीटर की दूरी पर 200 मीटर लंबा पुल बनाया जाएगा। करीब 51 करोड़ रुपये की लागत से इसे तैयार किया जाएगा। आवास आयुक्त ने बताया कि सेतु निगम को पहले ही सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर मुहर लगते ही आवास एवं विकास परिषद निर्माण लागत की राशि सेतु निगम को उपलब्ध कराएगी। बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद सेतु निगम निर्माण कार्य कराएगी।



पुल के साथ ही इसे एलीवेटड रोड से कनेक्ट करने के लिए वसुंधरा सेक्टर सात में प्रस्तावित एम्स सैटेलाइट सेंटर के पास लीफ बनाई जाएगी।

**एलीवेटड रोड से भी बनेगी कनेक्टिविटी :** पुल के साथ ही एलीवेटेड रोड से कनेक्टिविटी की भी योजना है। वसुंधरा सेक्टर सात में प्रस्तावित एम्स सैटेलाइट सेंटर के पास चढ़ने और उतरने के लिए लीफ बनाई जाएगी। लीफ बनने के बाद दिल्ली से एलीवेटेड रोड होकर आने वाले वाहन सीधे वसुंधरा सेक्टर सात में उतर सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल लूटकर भाग रहे बदमाश को पकड़ा तो साथी ने किया चाकू से हमला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र में मोबाइल लूटकर भाग रहे बाइक सवार तीन में पीछे बैठे बदमाश को पीड़ित ने खींचकर बाइक से नीचे गिरा लिया। साथी को छुडाने के लिए बदमाशों ने बाइक रोकी और पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया और साथी को छुड़ाकर ले गए। सिहानी गेट पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इनका एक साथी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। कार्यवाहक एसीपी नंदग्राम प्रियाश्री पाल ने बताया कि छह जनवरी की रात करीब 11 बजे सिहानी गेट थाने में सुनील उड्डुपी निवासी ग्राम काऊसती जिला नोलपुर सुनौली बार्डर नेपाल ने पुलिस को जानकारी दी कि वह नवयुग मार्केट से काम कर किराये के कमरे पर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया और भागने लगे। सुनील उड्डुपी ने बाइक के पीछे बैठे बदमाश का कॉलर पकड़कर खींच लिया और जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद उसके साथी ने बाइक रोकी और सुनील पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलावस्था में साथी को छोड़कर बदमाश अपने साथी को बाइक पर बैठाकर भाग गए। एसीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से चार आरोपियों की पहचान हुई है। इनमें वीर उर्फ कल्लू उर्फ बल्लू निवासी प्राणगढ़ी, सोनू निवासी बालूपुरा, थाना कोतवाली नगर और अमन निवासी आंबेडकर भवन, थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उनके साथी हर्ष उर्फ हीरा पुलिस पकड़ से बाहर है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों से चोरी के पांच मोबाइल और चाकू बरामद किया गया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** नंदग्राम थाना क्षेत्र के अजनारा कट पर बृहस्पतिवार की दोपहर ट्रक ने बाइक सवार डिलीवरी बॉय को कुचल दिया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार्यवाहक एसीपी नंदग्राम प्रियाश्री पाल ने बताया कि मृतक की पहचान मोहम्मद अनीस अहमद (36) निवासी संगम विहार वजीराबाद नॉर्थ दिल्ली के रूप में हुई है। अनीस अहमद ऑनलाइन बुक किए गए सामान की डिलीवरी करता था। बृहस्पतिवार की दोपहर वह डिलीवरी की आपूर्ति करने निकले थे। राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा कट पर ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया।

# एनएचएआई की नई पहल, छात्रों के लिए शुरू किया इंटर्नशिप प्रोग्राम

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।




राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने उच्च शिक्षा विभाग के साथ मिलकर एनएचएआई इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं और छात्रों को देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्रणाली में वास्तविक काम का अनुभव देना है, जिससे वे भविष्य में अच्छे पेशेवर बन सकें।

एनएचएआई ने इसके साथ ही एक विशेष इंटर्नशिप पोर्टल भी शुरू किया है। यह पोर्टल पूरे देश में चल रहे 150 से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराएगा। हर परियोजना में अधिकतम चार इंटर्न लिए जाएंगे, जिससे लगभग 600 छात्रों को मौका मिलेगा।

इस इंटर्नशिप प्रोग्राम में आईआईटी, एनआईटी और एआईसीटीई से जुड़े संस्थानों के छात्र भाग ले सकेंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह कार्यक्रम छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान देगा।

इस पोर्टल पर एक महीने, दो महीने और छह महीने की इंटर्नशिप उपलब्ध होगी, ताकि छात्र अपनी पढ़ाई और जरूरत के अनुसार इंटर्नशिप चुन सकें। चुने गए सभी इंटर्न को हर महीने 20,000 रुपए की छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे उन्हें सीखने और आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को यह समझने का मौका मिलेगा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की योजना कैसे बनती है, उनका निर्माण कैसे होता है और उन्हें जमीन पर कैसे लागू किया जाता है। इससे छात्रों को टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट दोनों तरह का अनुभव मिलेगा।

हालांकि इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों पर है, लेकिन इसमें आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए भी अवसर हैं। खासतौर पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन जैसे आधुनिक क्षेत्रों में काम करने का मौका मिलेगा।

इस प्रोग्राम के तहत शुरू की गई ह्यविंटर इंटर्नशिपह्न में करीब 250 छात्रों ने भाग लिया। वहीं, छह महीने की अंतिम वर्ष की इंटर्नशिप के लिए अब तक लगभग 500 आवेदन आ चुके हैं।

यह इंटर्नशिप प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बनाया गया है, जो छात्रों को प्रयोग के जरिए सीखने, उद्योगों से जुड़ने और रोजगार के योग्य बनने पर जोर देती है। इस नीति के तहत छात्रों को पढ़ाई के साथ इंटर्नशिप के लिए अंक भी मिलते हैं। मंत्रालय के अनुसार, यह प्रोग्राम केवल देखने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इंटर्न सीधे परियोजनाओं में भाग लेंगे और राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास से जुड़े तकनीकी और प्रबंधन से जुड़े कामों का वास्तविक अनुभव प्राप्त करेंगे।

## हुंडई मोटर ने स्वचालित रोबोटों के लिए एआई चिप का बड़े पैमाने पर शुरू किया उत्पादन

» सोल, यूटर्न/ 09 जनवरी।




हुंडई मोटर ग्रुप ने शुक्रवार को कहा कि उसने एक नई ऑन-डिवाइस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। यह चिप रोबोटों को बिना किसी बाहरी इंटरनेट या नेटवर्क के अपने आप काम करने में मदद करती है। इससे रोबोट अधिक तेज और सुरक्षित तरीके से काम कर सकते हैं।

योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इस चिप का नाम एज ब्रेन रखा गया है, जिसकी घोषणा गुरुवार (स्थानीय समय) को लास वेगास में सीईएस 2026 में की गई। यह चिप हुंडई के रोबोटिक्स लैब और दक्षिण कोरिया की एआई चिप बनाने वाली कंपनी डीपएक्स के बीच तीन साल की साझेदारी का परिणाम है।

यह चिप बहुत कम (पांच वॉट से भी कम) बिजली खर्च करती है। इसके बावजूद यह रोबोटों को तुरंत आसपास की चीजें समझने और अपने फैसले खुद लेने की क्षमता देती है। इसके लिए किसी क्लाउड या नेटवर्क से जुड़ने की जरूरत नहीं होती। हुंडई मोटर ने बताया कि इस नई तकनीक का उपयोग पहले ही रोबोटिक्स लैब की कई परियोजनाओं में किया जा रहा है। इनमें फेसी नाम की एक चेहरे पहचानने वाली प्रणाली और एक डिलीवरी रोबोट शामिल है, जो अभी प्रदर्शन के स्टेज में है।

यह चिप आगे चलकर एआई सुरक्षा समाधान और नई पीढ़ी के मोबाइल रोबोटों में भी इस्तेमाल की जाएगी। हुंडई मोटर का लक्ष्य इसे हवाई अड्डों और अस्पतालों जैसे स्थानों पर पायलट परियोजनाओं के जरिए इस्तेमाल करना है। इसी बीच, हुंडई मोटर ग्रुप के प्रमुख यूइसुन चुंग ने सीईएस 2026 के दौरान एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग से मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबरें



### रुपया सात पैसे टूटकर 89.97 डॉलर पर खुला

#### रुपया गुरुवार को तीन पैसे टूटकर 89.90 पर बंद हुआ था

**मुंबई, यूटर्न/ 09 जनवरी।** रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.97 पर आ गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से घरेलू मुद्रा दबाव में रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के शुल्क बढ़ाने की चिंताओं और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी ने विदेशी निवेशकों द्वारा शेयर की बिकवाली को बढ़ावा दिया जिससे स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.88 पर खुला। हालांकि बाद में फिसलकर 89.97 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दर्शाता है। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर के मजबूत रुख के कारण रुपया गुरुवार को तीन पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.90 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 98.93 पर स्थिर रहा।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज 16 को जारी करेगी तीसरि तिमाही नतीजे

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।** कमाई के सीजन की शुरूआत के साथ ही बीएसई और एनएसई में लिस्टेड कंपनियां वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (द3) के नतीजों की तारीखें घोषित कर रही हैं। इसी क्रम में मुकेश अंबानी की अगुआई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने भी अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के नतीजों का शेड्यूल साझा किया है। कंपनी ने गुरुवारएक्सचेंज फाइलिंग के जरिए जानकारी दी कि उसकी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।

## केंद्र सरकार की नई पहल से 100 जिले बनेंगे वस्त्र के वैश्विक निर्यात चैंपियन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।



भारत सरकार ने कपड़ा उद्योग को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की है, जिसका नाम डिस्ट्रिक्ट-लेड टेक्सटाइल्स ट्रांसफॉर्मेशन (डीएलटीटी) है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत के वस्त्र क्षेत्र में समावेशी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देना है।

इसके तहत सरकार ने देश के 100 अधिक संभावनाओं वाले जिलों को वैश्विक निर्यात चैंपियन बनाने और 100 अति संभावनाओं वाले जिलों को आत्मनिर्भर केंद्रों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा है।

असम के गुवाहाटी में आयोजित ह्यराष्ट्रीय वस्त्र मंत्री सम्मेलनह्न में वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि अब वस्त्र क्षेत्र में जिला स्तर पर और विशेष क्षेत्र के अनुसार काम किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों का अध्ययन आंकड़ों पर आधारित मूल्यांकन प्रणाली से किया गया। इसमें तीन मुख्य बातों - निर्यात प्रदर्शन, एमएसएमई की स्थिति और कामगारों की उपलब्धता को देखा गया। इस अध्ययन के आधार पर जिलों को दो भागों में बांटा गया है-चैंपियन जिले और आकांक्षी जिले। हर जिले की श्रेणी के अनुसार उसके लिए अलग-अलग योजनाएं और कार्य रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि वहां का विकास सही दिशा में हो सके।

इस पहल में पूर्व और उत्तर-पूर्व भारत पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन क्षेत्रों में जनजातीय क्षेत्रों का विकास, संपर्क सुविधाओं में सुधार और जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग देने पर जोर दिया जाएगा। इससे यहां की खास हस्तशिल्प और वस्त्र उत्पादों को वैश्विक बाजार में ऊंची पहचान मिल सकेगी। सरकार ने कहा कि इस योजना में सरकारी संसाधनों, उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग किया जाएगा। इसका उद्देश्य वस्त्र समूहों को मजबूत करना और सफल मॉडलों को अन्य जिलों में भी लागू करना है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

वस्त्र मंत्रालय ने गुवाहाटी में एक उच्चस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें उत्तर-पूर्व राज्यों में वस्त्र क्षेत्र के विकास पर चर्चा की गई। बैठक में नीतियों में तालमेल, निवेश बढ़ाने, कौशल विकास और बाजार तक पहुंच जैसे विषयों पर विचार किया गया।

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि उत्तर-पूर्व भारत देश के वस्त्र क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है और सरकार इसके विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विचार-विमर्श के दौरान इस क्षेत्र की हथकरघा परंपरा, जीआई टैग वाले उत्पाद, विभिन्न प्रकार के रेशम, बांस से बने उत्पाद और महिला कारीगरों की भागीदारी को खास ताकत के रूप में बताया गया।

## टोयोटा की इनोवा क्रिस्टा का सफर नहीं चलेगा ज्यादा लंबा

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।



भारतीय बाजार में टोयोटा कंपनी ने इनोवा के तीन प्रमुख अवतार उतारे हैं पहली इनोवा, फिर इनोवा क्रिस्टा और हाल के वर्षों में नई टेक्नोलॉजी से लैस इनोवा हाइक्रॉस। भारत में प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट की बात होते ही टोयोटा इनोवा का नाम सबसे पहले लिया जाता है। वर्षों से यह कार बड़े परिवारों, कॉर्पोरेट यूज और प्रीमियम टैक्सी सेगमेंट की भरोसेमंद पसंद बनी हुई है। अब यह साफ हो चुका है कि इनोवा क्रिस्टा का सफर ज्यादा लंबा नहीं रहने वाला और आने वाले कुछ वर्षों में इसे पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इस फैसले के पीछे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में तेजी से सख्त होते नियम सबसे बड़ी वजह माने जा रहे हैं। आने वाले सीएएफई 3 उत्सर्जन मानकों के तहत वाहन कंपनियों को अपने पूरे पोर्टफोलियो में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को सीमित रखना होगा।

इनोवा क्रिस्टा का लैडर-फ्रेम प्लेटफॉर्म, भारी बॉडी और डीजल इंजन इसे इन नए मानकों के अनुरूप बनाना कठिन बना देता है। ऐसे में इस मॉडल को आगे भी जारी रखना टोयोटा के लिए तकनीकी ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। इसी वजह से टोयोटा अब भविष्य की रणनीति में पेट्रोल और हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर ज्यादा जोर दे रही है। कंपनी की नई इनोवा हाइक्रॉस इसी दिशा में एक अहम कदम है, जो पेट्रोल इंजन के साथ सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड सिस्टम में उपलब्ध है। यह न सिर्फ बेहतर माइलेज देती है, बल्कि आने वाले उत्सर्जन नियमों के लिहाज से भी ज्यादा अनुकूल मानी जाती है। इसके उलट, पारंपरिक डीजल एमपीवी होने के कारण इनोवा क्रिस्टा की भूमिका धीरे-धीरे सीमित होती जा रही है।

## सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी मैदान बना ऑटो इंडस्ट्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।



आधुनिक सेफ्टी फीचर्स और फैमिली-फ्रेंडली नेचर के चलते अब भारतीय ग्राहक पारंपरिक हैचबैक और सेडान की जगह कॉम्पैक्ट एसयूवी को प्राथमिकता दे रहे हैं। यही कारण है कि सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट भारतीय ऑटो इंडस्ट्री का सबसे बड़ा और सबसे प्रतिस्पर्धी मैदान बन चुका है। बढ़ती मांग को देखते हुए मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और महिंद्रा जैसी प्रमुख कंपनियां नए और अपडेटेड मॉडल्स पर तेजी से काम कर रही हैं। मारुति सुजुकी इस साल ब्रेजा फेसलिफ्ट को बाजार में उतारने की तैयारी में है। टेस्टिंग के दौरान यह कई बार सड़कों पर नजर आ चुकी है।

अपडेटेड मॉडल में डिजाइन और केबिन में हल्के बदलाव के साथ एडवांस सेफ्टी फीचर्स, खासतौर पर लेवल-2 एडीएएस मिलने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, टाटा मोटर्स 13 जनवरी को अपनी लोकप्रिय माइक्रो एसयूवी पंच का फेसलिफ्ट लॉन्च करने जा रही है। नए अवतार में एलईडी लाइटिंग, बदला हुआ डिजाइन, बड़ा टचस्क्रीन और 360-डिग्री कैमरा जैसे फीचर्स इसे और आकर्षक बना सकते हैं। महिंद्रा भी इस सेगमेंट में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है।

## सिंपल एनर्जी ने लांच किए अपने नए जनरेशन के स्कूटर्स

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।** भारतीय इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में सिंपल एनर्जी कंपनी ने अपने नए जनरेशन के स्कूटर्स लॉन्च कर दिए हैं। इनमें सिम्पल अल्ट्रा वन जेन 2 के साथ-साथ कंपनी का हाई-रेंज सेगमेंट स्कूटर सिम्पल अल्ट्रा भी शामिल है। कंपनी के अनुसार सिम्पल अल्ट्रा में 6.5 केडब्ल्यूएच का बड़ा बैटरी पैक दिया गया है और इसकी आईडीसी सर्टिफाइड रेंज 400 किमी तक है। यह स्कूटर सिर्फ 2.77 सेकंड में 0 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेता है। हालांकि, इसके सभी तकनीकी विवरण अभी साझा नहीं किए गए हैं, लेकिन इतना तय है कि यह ओला, बजाज, टीवीएस और एथर जैसे ब्रांड्स के प्रीमियम स्कूटर्स को कड़ी टक्कर देगा। सिम्पल वन जेन 2 को नए और ज्यादा आकर्षक डिजाइन के साथ उतारा गया है। इसमें रीवर्क्ड चेसिस का इस्तेमाल किया गया है, जिससे इसकी मजबूती और स्टेबिलिटी पहले से बेहतर बताई जा रही है। कंपनी का दावा है कि इसमें 22 प्रतिशत ज्यादा रिजिडिटी मिलती है। स्कूटर को तीन नए रंगों सोनिक रेड, एयरो एक्स और एस्फाल्ट एक्स में पेश किया गया है। बैटरी और मोटर पर लाइफटाइम वारंटी भी दी जा रही है। कम्फर्ट और सेफ्टी के लिहाज से भी कई सुधार किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फर्जी कॉल सेंटर से की जा रही थी क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** दिल्ली के द्वारका में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर से फरीदाबाद के रहने वाले व्यक्ति को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगा गया था। साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ की टीम ने फर्जी कॉल सेंटर पर कार्रवाई कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में नई दिल्ली के रहने वाले आकाश (25), तरंग (31), सूरज (20) व सिद्धांत (23) शामिल हैं। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आकाश फर्जी कॉल सेंटर का मालिक है। ये सेक्टर-19 द्वारका दिल्ली में फ्लैट किराये पर लेकर कॉल सेंटर चला रहा था। आरोपी तरंग फर्जी सिम व डॉटा उपलब्ध करवाता था। सूरज व सिद्धांत कॉलर का काम करते थे। तरंग व आकाश 12वीं, सूरज 11वीं व सिद्धांत बी कॉम पास है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आकाश, तरंग व सिद्धांत को अदालत में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लेकर टीम पूछताछ कर रही है। आरोपी सूरज को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### नाबालिग निशानेबाज से दुष्कर्म, राष्ट्रीय शूटिंग कोच पर एफआईआर दर्ज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** राष्ट्रीय स्तर की निशानेबाज को मैच डिस्कस करने के बहाने सूरजकुंड स्थित ताज होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। दुष्कर्म का आरोप भारतीय शूटिंग टीम के कोच अंकुश भारद्वाज पर लगाया गया है। फरीदाबाद स्थित महिला थाना एनआईटी में 6 जनवरी को ही पॉक्सो एक्ट की धारा 6 व बीएनएस की धारा 351(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। महिला थाना एनआईटी की एसएचओ इंस्पेक्टर माया देवी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस को शिकायत देने वाली नाबालिग खिलाड़ी के अनुसार, साल 2017 से वह शूटिंग सीख रही है। भारतीय शूटिंग टीम के एक कोच से वह अगस्त 2025 से ट्रेनिंग ले रही है। आरोप है कि कोच उसे शूटिंग ट्रेनिंग के लिए मोहाली, पटियाला, देहरादून और दिल्ली बुलाते थे। 16 दिसंबर को खिलाड़ी का नेशनल मैच डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद दिल्ली में था। दोपहर लगभग 12 बजे मैच खत्म हुआ और वह घर जाने लगी तो कोच ने उसे मैच डिस्कस करने के बहाने रोक लिया।

# तीन महीने में 6520 लोगों को कुत्तों ने काटा

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।**



शहर में लावारिस कुत्तों के हमले के कारण लोगों की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। पिछले तीन माह में कुत्तों के काटने के छह हजार से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। एक तरफ निगम की तरफ से लगातार लावारिस कुत्तों की नसबंदी की जा रही है लेकिन कुत्तों को रखने के लिए शेल्टर की व्यवस्था न होने के कारण हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है।

सरकारी अस्पतालों में रेबीज विभाग के आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर 2025 में 1979 तो नवंबर में 2133 और दिसंबर में 2408 मामले कुत्ते के द्वारा काटने के सामने आए हैं। यानी सिर्फ तीन महीनों में 6520 लोग कुत्तों के हमले का शिकार हुए। यदि पिछले तीन महीनों की बात करें तो औसतन रोजाना 70 से अधिक लोग कुत्तों के काटने के चलते अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### हादसों की वजह भी बन रहे लावारिस कुत्ते

कुत्तों की समस्या केवल काटने तक सीमित नहीं है। शहर के कई हिस्सों में अचानक सड़क पर आ जाने से दोपहिया वाहन सवार गिरकर घायल हुए हैं। एनआईटी, बल्लभगढ़ और ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्रों में बीते समय में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें राहगीरों को गंभीर चोटें आईं। एनआईटी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वे सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे अचानक पीछे से कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में वह बार बार बचे इस तरह की घटना उनके इलाके में आए दिन होती रहती है।

### कुत्ते भूखे होते हैं तो आक्रामक हो जाते हैं

वहीं शहर में कुछ सामाजिक संगठन और पशु प्रेमी लावारिस कुत्तों को नियमित खाना खिलाते हैं। सेक्टर-15 निवासी अनुज शर्मा का कहना है कुत्ते भूखे होते हैं तो आक्रामक हो जाते हैं। हम तय जगह पर खाना देते हैं ताकि वे सड़कों पर न भटकें। समस्या का समाधान मारना नहीं बल्कि नसबंदी और वैक्सीनेशन है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि निगम की तरफ से लगातार कुत्तों की नसबंदी और रैबीज वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जल्द ही बड़े स्तर पर शेल्टर बनाकर कुत्तों को रखने की व्यवस्था की जाएगी।

### लावारिस कुत्तों के कारण आए दिन हो रहीं घटनाएं

ग्रेटर फरीदाबाद की एक आवासीय सोसाइटी में अगस्त 2025 में सामने आई थी जहां आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर सोसाइटी के कुछ निवासियों और एक महिला फीडर के बीच विवाद हिंसक झगड़े में बदल गया। इस मामले में आरडब्ल्यूए ने महिला पर नियम उल्लंघन का आरोप लगाते हुए भारी जुर्माना लगाया। घटना के बाद सोसाइटी में सुरक्षा गार्ड तैनात करने पड़े और मामला पुलिस व प्रशासन तक पहुंचा।

## सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती ने मिलने बुलाया, बाइक सवारों ने हमला कर लूटपाट की

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।**




सोशल मीडिया पर दोस्ती कर एक युवती ने युवक को मिलने के लिए बुलाया। 21 साल का युवक बाइक पर सवार होकर सेक्टर-89 की सोसाइटी के पास पहुंचा तो दो बाइक सवार 5-6 हमलावरों ने नुकीले हथियार से युवक पर हमला कर दिया। युवक बाइक से गिरा तो उसके गले से सोने की चेन, हाथ का ब्रेसलेट व 18 हजार रुपये छीनकर आरोपी भाग गए। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि बीपीटीपी थाना पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।

डबुआ कॉलोनी के रहने वाले 21 साल के युवक ने शिकायत पुलिस को दी है। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर युवक की आईडी पर अक्तूबर 2025 में भूमि नामक युवती की आईडी से मैसेज व फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। 3 दिन तक दोनों में मैसेज पर बात हुई तो युवक को लगा कि ये भूमि लड़की नहीं है। युवक ने फोटो मांगी तो उसने फोटो नहीं दी। आरोप है कि दिसंबर में फिर से उसी आईडी से युवक को मैसेज भेजा जिसमें लड़की की आवाज में वॉइस रिकॉर्डिंग भेजी गई थी।

युवक को भरोसा हो गया कि ये लड़की ही है। युवक के अनुसार बार-बार उसे मिलने के लिए युवती ने मैसेज भेजे। 4 जनवरी को युवती ने मैसेज कर कहा कि मेरे घर पर कोई नहीं है, तुम मिलने आ जाओ। युवक ने वॉइस कॉल पर बात की तो युवती ने शाम 7 के बाद आने को कहा। युवक सेक्टर-89 टीडीआई सोसाइटी पहुंचा और युवती को मैसेज भेजा तो वो बोली कि थोड़ा आगे आ जाओ, यहां गार्ड है। थोड़ा आगे जाने पर युवक को एक लड़की दिखाई दी और इसने बाइक रोक दी।

## मस्जिद में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।**



भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में नेहरू कॉलोनी, ब्लॉक एनआईटी-2 स्थित मस्जिद में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई गई कि वे किसी भी हाल में बाल विवाह नहीं करेंगे और न ही इसे होने देंगे। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। इसमें शामिल होने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कड़ी सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक है। हेमा कौशिक ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह होने की जानकारी मिले तो उसे रोकने का प्रयास करें और तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में नजदीकी पुलिस थाना या चौकी से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### ट्रैफिक चालान फर्जीवाड़े में कोर्ट क्लर्क की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।** ट्रैफिक चालान के फर्जीवाड़े में जिला अदालत में कार्यरत क्लर्क को जिला अदालत से राहत नहीं मिली। क्लर्क रामकिशन के अधिवक्ता की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दायर कर दलील दी गई कि इसे केस में गलत फंसाया गया है। एफआईआर में लगे आरोपों से इसका कोई लेना-देना नहीं है। ये अदालत परिसर में क्लर्क के पद पर कार्यरत है। ट्रैफिक चालान एडिट करने का कोई कंट्रोल इसके पास नहीं था। ये जांच में शामिल होने के लिए तैयार है।

वहीं अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि आरोपी पर गंभीर आरोप हैं। इसने सह-आरोपी विरेंद्र व शुभम के साथ मिलकर ट्रैफिक चालान को टेंपर किया। चालान में कम जुर्माने वाली धाराएं लगाकर उनका निपटान कराया। आरोपी ने अपने बैंक खाते से सह-आरोपी शुभम के बैंक खाते में 158500 रुपये की पेमेंट की है। दोनों पक्षों को सुनकर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। मामले में सेंट्रल थाने में 13 सितंबर 2025 को एफआईआर दर्ज हुई थी।

# एसआईआर अभियान: जिले में बढ़े 134 मतदेय स्थल, संभाजन के बाद 3223 हुई संख्या

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।**



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदान केंद्रों का संभाजन हुआ है, जिसके बाद जिले में 134 मतदेय स्थलों की संख्या बढ़ गई है। संभाजन से पहले जहां मतदेय स्थलों की संख्या 3189 थी अब बढ़कर 3223 हो गई है।

इसमें कई सोसायटी में भी मतदेय स्थल बनाए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि मतदेय स्थलों के संभाजन के बाद कुल 134 मतदेय स्थल बढ़े हैं। इसमें सबसे अधिक लोनी में 52 मतदेय स्थल बढ़े हैं।

मतदाताओं की संख्या के हिसाब से इन मतदेय स्थलों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि 1200 मतदाताओं के लिए एक मतदेय स्थल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए बीएलओ भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

### किसी भी वैध मतदाता का नहीं कटेगा सूची से नाम

एसआईआर के प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची को लेकर आपत्तियां आने लगी हैं। इसमें कुछ लोगों ने सूची में नाम नहीं होने की जानकारी दी है तो कुछ ने उनके नाम ही गलती होने के बारे में बताया है। जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बताया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं कटेगा। जिनकी मैपिंग नहीं हुई है उनको नोटिस जारी किया जा रहा है। नोटिस में उनको एक तिथि दी जा रही है जिस दिन वह प्रस्तुत होकर अपने साक्ष्य दिखा सकते हैं। इसके लिए 12 दस्तावेज की सूची दी गई है उसमें से वह साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद उनका नाम सूची में दर्ज हो जाएगा। जिले में कुल डेढ़ लाख मतदाता हैं जिनकी मैपिंग नहीं हुई है।

### कूड़े में आग लगने से फैला प्रदूषण, मरीजों को सांस लेने में हुई परेशानी

**गाजियाबाद।** संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल परिसर में बृहस्पतिवार को कूड़े के ढेर में लगी आग से पूरे इलाके में प्रदूषण फैल गया। आग से उठे धुएं के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ा। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। संयुक्त अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के पीछे मोर्चरी के सामने लंबे समय से कूड़े का ढेर जमा है। दवाइयों के रैपर और मरीजों की फेंकी हुई पट्टियां भी थीं। बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे किसी कर्मचारी ने इस कूड़े में आग लगा दी। देखते ही देखते धुएं का गुबार उठने लगा जो इमरजेंसी के पिछले हिस्से से होते हुए वार्ड तक पहुंच गया।

## जालसाजों ने 6 लोगों से 10 .23 लाख रुपये ठगे

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 09 जनवरी।**




साइबर जालसाजों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले 6 लोगों से 10.23 लाख रुपये ठग लिए। शिकायत देने वालों में एक युवती और एक महिला भी शामिल है। ठगों ने पानी कनेक्शन काटने का मैसेज भेज, नौकरी दिलाने के बहाने, ऑनलाइन टास्क पूरे करने समेत अन्य बहानों से ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी, सेंट्रल व बल्लभगढ़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

पहले मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को दी शिकायत में भीम सेन कॉलोनी निवासी अमित कुमार ने बताया कि 9 दिसंबर को ठग ने पानी कनेक्शन काटने का मैसेज भेजा। आरोपी ने एपीके फाइल भेजकर 83,860 रुपये ठग लिए। दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत बल्लभगढ़ निवासी जगदीश कुमार ने दी है। आरोप है कि 30 नवंबर को ठग ने उनकी जानकारी के बगैर ही बैंक खाते से 95 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए।

तीसरे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेक्टर-37 निवासी युवती ने दी है। युवती का आरोप है कि 24 से 26 दिसंबर के दौरान नौकरी दिलाने के बहाने ठग ने 46,500 रुपये ठग लिए। चौथे मामले में साइबर क्राइम थाना सेंट्रल पुलिस को शिकायत सेक्टर-81 निवासी प्रमोद कुमार ने दी है। आरोप है कि 8 दिसंबर को ठग ने ऑनलाइन सामान मंगवाने के नाम पर 6,50,333 रुपये ठग लिए। पांचवें मामले में साइबर क्राइम थाना एनआईटी पुलिस को शिकायत सेक्टर-23 के रहने वाले धर्मबीर ने दी है।

# अभी हमारा ध्यान टी20 नहीं एकदिवसीय सीरीज पर : मिचेल



न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने कहा है अभी उनका ध्यान भारतीय टीम के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज पर है। इसलिए टीम अभी उसी की तैयारी में लगी है। इसके समाप्त होने के बाद ही टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप को लेकर अपनी रणनीति बनाएगी। मिचेल का मानना है कि भारतीय टीम के टी20 सीरीज में उनके बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर वरुण चक्रवती का सामना करना आसान नहीं होगा। इस बल्लेबाज के अनुसार अभी टीम उस सीरीज हो देख रही है जो सामने है। इसलिए अभी टी20 विश्वकप के बारे में सोचा नहीं जा सकता। मिचेल ने कहा, टी20 विश्व कप अभी एक महीने दूर है। इसलिए अभी हम केवल एकदिवसीय सीरीज में ही बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। भारतीय टीम के पास बुमराह और वरुण जैसे शानदर गेंदबाज हैं, जो हमारे लिए चुनौतियां पेश करेंगे। तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय खेल होगी। एकदिवसीय सीरीज में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ उतरेगी जिससे किवी गेंदबाजों को काफी अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। ये मुकाबले टी20 वर्ल्ड कप से पहले लय हासिल करने का अवसर भी देते हैं, मिचेल ने साफ किया कि टीम इसे केवल अभ्यास नहीं, बल्कि एक अहम द्विपक्षीय सीरीज की तरह ही ले रही है। मिचेल ने भारतीय पिचों को लेकर भी अपनी बात रखी और कहा कि यहां की परिस्थितियों में ढलना विदेशी टीमों के लिए हमेशा कठिन रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि टर्न लेती पिचें कीवी बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी परेशानी होंगी।उन्होंने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर आपको दुनिया भर के हालातों के अनुसार अपने को ढालना होता है।



## निजी रिश्तों को अपने काम पर हावी न होने दे

# डायना पेंटी

अपनी नई स्ट्रीमिंग सीरीज डू यू वाना पार्टनर के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री डायना पेंटी ने अभिनय, प्रोफेशनलिज्म और को-एक्टर्स के साथ काम करने के अनुभव पर विस्तार से बात की। डायना पेंटी ने कहा, एक अच्छे अभिनेता के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह निजी रिश्तों को अपने काम पर हावी न होने दे।

चाहे आप किसी सह-कलाकार के साथ अच्छे दोस्त हों या नहीं, स्क्रीन पर जो दिखता है, वह पूरी तरह से किरदार की मांग पर आधारित होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत संबंधों पर। डायना ने कहा, डू यू वाना पार्टनर में मेरी सह-कलाकार तमन्ना भाटिया हैं, और उनके साथ काम करने का अनुभव काफी अच्छा रहा। हम दोनों के बीच सेट पर अच्छी बॉन्डिंग बनी, लेकिन मेरा मानना है कि एक अभिनेता की असली परीक्षा यही होती है कि वह निजी रिश्तों से अलग रहकर अपने किरदार को कितनी सच्चाई से निभा पाता है। अभिनय की गुणवत्ता इस बात से तय होती है कि कलाकार अपने निजी अनुभवों और भावनाओं को कितनी समझदारी से अलग रख पाता है। डायना ने कहा, इस शो के मामले में मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं, क्योंकि तमन्ना के साथ मेरी दोस्ती स्वाभाविक रूप से बन गई थी। सेट पर माहौल काफी सहज और सकारात्मक था, जिससे काम करना और भी आसान हो गया। जब आपका रिश्ता ऑफ-स्क्रीन मजबूत होता है, तो वही मजबूती ऑन-स्क्रीन भी नजर आने लगती है।

इससे सीन में एक अलग तरह की सच्चाई और ऊर्जा आ जाती है, जो दर्शकों को भी महसूस होती है। तमन्ना भाटिया के साथ अपनी केमिस्ट्री पर बात करते हुए डायना ने कहा, हम दोनों को कभी भी एक-दूसरे के साथ तालमेल बैठाने में कोई परेशानी नहीं हुई। हमने कई सीन्स में साथ में काम किए और कई बार नए एक्सप्रेशन भी जोड़ पाए। जब कलाकार एक-दूसरे के साथ सहज होते हैं, तो इम्प्रोवाइज करने की आजादी भी मिलती है, जो कहानी को और बेहतर बना देती है। उन्होंने कहा, मैं और तमन्ना एक-दूसरे के साथ इतने कंफर्टेबल थे कि बिना झिझक अपनी राय रख सकते थे। हमारे बीच कोई औपचारिक भरा रिश्ता नहीं था, जहां हर बात सोच-समझकर कहनी पड़े। हम खुलकर एक-दूसरे से बात कर सकते थे, चाहे वह सीन से जुड़ी सलाह हो या किसी डायलॉग पर चर्चा। ऐसा माहौल हर प्रोजेक्ट में नहीं मिलता और जब मिलता है, तो कलाकारों के काम में उसका साफ असर दिखता है।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले तीन मैचों से बाहर हुए तिलक




**मुम्बई, यूटर्न/ 09 जनवरी।** बल्लेबाज तिलक वर्मा सर्जरी के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले तीन मैचों से बाहर हो गये हैं। इसके बाद बाकि दो मैच में मैचों में उनके खेलना का फैसला उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी के अनुसर ग्रोइन इंजरी के कारण तिलक की सर्जरी हुई थी जो सफल रही और उन्हें अस्पताल से भी छुट्टी मिल गई है। उनकी हालत अब स्थिर है और वह पूरी तरह से फिट होने पर वापसी करेंगे। इस अधिकारी ने कहा कि तिलक पहले शारीरिक प्रशिक्षण शुरू करेंगे और फिर धीरे-धीरे अभ्यास का समय बढ़ाएंगे। अंतिम दो मैचों में उनका खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि उनकी रिकवरी और ट्रेनिंग कैसी चल रही है। तिलक वर्मा का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए करारा झटका है क्योंकि अगले माह उसे टी20 विश्वकप खेलना है। इस प्रारुप में वह एक बेहद भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। एशिया कप 2025 फाइनल में इस बल्लेबाज ने बेहतरीन पारी खेलकर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी। तिलक को विजय हजारे ट्रॉफी में हैदराबाद की ओर से राजकोट में खेलने के दौरान ही तेज दर्द उठा था। उसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में ग्रोइन इंजरी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने तुरंत सर्जरी की सलाह दी, जो सफल रही। अब तिलक तेजी से रिकवरी की ओर बढ़ रहे हैं।

वहीं भारतीय टीम के लिए एक अच्छी खबर ये है कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पूरी तरह से फिट हो गये हैं। अय्यर को बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मेडिकल टीम ने पूरी तरह फिट करार दिया है। अय्यर ने विजय हजारे ट्रॉफी में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 82 रनों की अच्छी पारी खेलकर अपनी फिटनेस को साबित किया है। वह ऑस्ट्रेलिया दौरे में आंत में लगी चोट के बाद से ही टीम से बाहर चल रहे थे।

# मुंबई के मशहूर वड़ा पाव को याद कर भावुक हुई एक्ट्रेस सुरभि चंदना

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री सुरभि चंदना इन दिनों विदेश यात्रा पर हैं। सात समंदर पार शानदार जगहों पर वक्त बिताने के बावजूद सुरभि अपने शहर मुंबई और खास तौर पर वहां के मशहूर वड़ा पाव को याद कर भावुक हो गईं। उन्होंने इस भावना को सोशल मीडिया के जरिए बड़े ही मजेदार अंदाज में साझा किया है। सुरभि चंदना ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने बताया कि वह पिछले 15 दिनों से भारत से बाहर हैं। इस दौरान उन्हें मुंबई की छोटी-छोटी बातें बहुत याद आने लगी हैं। वीडियो में सुरभि यह दिखाती नजर आईं कि कैसे विदेश की खूबसूरत लोकेशंस और आरामदायक जिंदगी के बीच भी उनका दिल मुंबई के ट्रैफिक, सड़कों के गड्ढों और वड़ा पाव के स्वाद को मिस कर रहा है। उन्होंने इस वीडियो में साल 2006 में आई फिल्म शादी से पहले के एक मशहूर डायलॉग का इस्तेमाल किया, जिसमें सुनील शेट्टी का किरदार अपने शहर के लिए तड़पता नजर आता है। सुरभि ने उसी भावना को हल्के-फुल्के और मजाकिया अंदाज में पेश किया। वीडियो में सुरभि यह कहते हुए दिखाई देती हैं कि अब उनका मन वापस मुंबई लौटने का करने लगा है, ताकि वह अपने शहर की रफ्तार और वहां की जिंदगी को फिर से जी सकें। वीडियो के ऊपर लिखे टेक्स्ट में उन्होंने कहा कि 15 दिन विदेश में बिताने के बाद अब उन्हें मुंबई की असली पहचान याद आने लगी है और ट्रैफिक, वड़ा पाव व गड्ढे देखने की तलब हो रही है। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, मुंबई, वड़ा पाव, तेरी याद आ गई।


# तीरंदाज अंकिता की नजरें एशियाई खेलों पर लगीं

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।** तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं।

अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने हाल ही में टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग और जांग मिन ही को हराया, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु-ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साह से भरी हैं।

अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरूआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है।पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी-कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं। कोच के अनुसार वह अब पहले से बेहतर हुई है।






## फटाफट खबरें

### इक्वाडोर में हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए

**क्विटो, यूटर्न/ 09 जनवरी।** इक्वाडोर के तटीय प्रांत गुआयास में मोकोली द्वीप पर एक निजी रिहायशी परिसर के अंदर बुधवार देर रात हुए हथियारबंद हमले में तीन लोग मारे गए। गृह मंत्री जॉन रीमबर्ग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बंदूकधारी कई सुरक्षा घेरों को तोड़कर मोकोली गोल्फ क्लब के स्पोर्ट्स कोर्ट में जबरन घुस गए। कई गाड़ियों में आए हमलावरों ने पुलिस या सेना जैसी वर्दी पहनी हुई थी और उनके पास पिस्तौल और राइफलें थीं। श्री रीमबर्ग ने इक्वाविसा टेलीविजन को बताया कि शुरूआती जांच से पता चलता है कि पीड़ित कॉम्प्लेक्स में मेहमान थे।
तीनों का आपराधिक रिकॉर्ड था जिसमें अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या और डकैती जैसे अपराध शामिल थे।
मारे गए लोगों में से एक की पहचान स्टालिन रोलैंडो ओलिवरो वर्गास उर्फ मैरिनो के रूप में हुई। वह लॉस लागार्टोस आपराधिक समूह का एक नेता था और पुलिस द्वारा उसे हाई-वैल्यू टारगेट माना जाता था। उन्होंने बताया कि लॉस लागार्टोस का संबंध मादक पदार्थों की तस्करी, सुपारी लेकर हत्या, जबरन वसूली, डकैती और अपहरण से रहा है।

### भारतीय स्वान बना शांति का प्रतीक

**टैक्सास, यूटर्न/ 09 जनवरी।**
अमेरिका के टेक्सास राज्य में बौद्ध भिक्षुओं की शांति यात्रा जारी है। 19 बौद्ध भिक्षु एक भारतीय कुत्ते के साथ यात्रा कर रहे हैं।इस स्वान का नाम बौद्ध भिक्षुओं ने आलोका रखा है। बौद्ध भिक्षुओं का यह दल फोर्ट वर्थ से लेकर वॉशिंगटन डीसी की 2300 मिल की पदयात्रा पर निकला है। सभी जगह इनका स्वागत किया जाता है तथा लोग इन्हें खान शाकाहारी खाना भी उपलब्ध कराते हैं। रुकने की व्यवस्था भी जहां से हैं, निकलते हैं वहां के निवासी करते हैं। बौद्ध भिक्षु शांति का प्रतीक बन गए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में करुणा और शांति का संदेश फैलाना है।
यह भारतीय स्वान यात्रा के दौरान एक कार की चपेट में आकर घायल हो गया था। बौद्ध भिक्षुओं ने इसे इलाज के लिए एक ट्रक पर रवाना किया था। घायल होने के बाद भी यह ट्रक से छलांग लगाकर बौद्ध भिक्षुओं के पास आ गया। उनकी यात्रा में यह साथ-साथ चल रहा है। स्वान के रूप में वह शांति का प्रतीक बनकर लोगों को संदेश देने की कोशिश कर रहा है।

## टैरिफ डील पर अमेरिका का दावा, मोदी के फोन न करने से आगे नहीं बढ़ी बात: हॉवर्ड लुटनिक

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 09 जनवरी।** भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित टैरिफ डील को लेकर अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीधे फोन न किए जाने के कारण यह डील समय पर आगे नहीं बढ़ सकी। लुटनिक के इस बयान के बाद दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है, हालांकि भारत सरकार की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में भारत पर टैरिफ बढ़ाने के संकेत भी दिए हैं। हॉवर्ड लुटनिक ने यह बयान ऑल-इन पॉडकास्ट के दौरान दिया।



उन्होंने कहा कि अमेरिका उस समय कई देशों के साथ व्यापारिक समझौतों पर काम कर रहा था और स्पष्ट नीति अपनाई गई थी कि जो देश पहले तैयार होगा, उसे पहले और बेहतर डील मिलेगी। लुटनिक के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप डील को एक सीढ़ी की तरह देखते हैं, जिसमें पहली सीढ़ी पर चढ़ने वाले देश को सबसे फायदेमंद शर्तें मिलती हैं।

एक बार वह सीढ़ी पार हो जाने के बाद वही शर्तें दोबारा उपलब्ध नहीं रहतीं। लुटनिक ने बताया कि सबसे पहले यूनाइटेड किंगडम के साथ डील की गई थी और उन्हें स्पष्ट समयसीमा दी गई थी। इसके बाद अन्य देशों के लिए भी यही नीति अपनाई गई।

# ईरान में हालात नाजुक: भड़के खामेनेई

## बोले- विदेशी राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी ही सड़क कर रहे बर्बाद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 09 जनवरी।**



ईरान में विरोध प्रदर्शन चरम पर पहुंच गया है। देश का दुनिया से संपर्क लगभग टूट गया है। इस बीच देश के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने लोगों को दूसरे देश के हाथों न खेलने की सलाह दी है। पिछले 12 दिनों से लोग अपनी मांगों को लेकर सड़क पर हैं। रॉयटर्स के मुताबिक शुक्रवार को अधिकारियों ने अशांति को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दीं, जबकि वीडियो में कई शहरों की सड़कों पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में इमारतों और गाड़ियों में आग लगी हुई दिख रही थी।

वहीं, एक टेलीविजन संबोधन में, सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने पीछे न हटने की कसम खाई, और प्रदर्शनकारियों पर प्रवासी विपक्षी गुट और यूनाइटेड स्टेट्स की तरफ से काम करने का आरोप लगाया। वहीं, कुछ मानवाधिकार समूहों ने दक्षिण में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की फायरिंग की रिपोर्ट की। खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों की आलोचना की और उन पर दूसरे देश के राष्ट्रपति को खुश करने के लिए अपनी ही सड़कों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। सरकारी टीवी पर इसका प्रसारण किया गया। खामेनेई का निशाना ट्रंप पर है। जिन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि अगर ईरानी शासन प्रदर्शन कर रहे लोगों को निशाना बनाता है, तो अमेरिका जवाबी कार्रवाई करेगा।

ईरान खामेनेई के नेतृत्व वाली इस्लामिक सरकार के खिलाफ सड़क पर है। लोगों का यह विरोध प्रदर्शन बढ़ती महंगाई, बदहाल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा बलों की दमनकारी कार्रवाइयों के खिलाफ है। ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने गुरुवार और शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे प्रदर्शन का आह्वान किया था।

8 जनवरी की रात ईरान में विरोध प्रदर्शन ने रफ्तार पकड़ी, जिसके चलते राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के नेतृत्व वाली ईरान सरकार ने देश में इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन कॉल सेवाएं बंद कर दी थीं। देश की न्यायपालिका और सुरक्षा बलों के प्रमुख ने लोगों के आजादी-आजाजी के नारों के बीच कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। प्रदर्शन में अब तक 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है।

## फोटो स्टोरी



पेरिस में फ्री ट्रेडिंग का विरोध करने के दौरान ट्रैक्टरों के साथ नजर आ रहे किसानों ने लकड़ी आदि सामान जला दिये।

## ८३वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स २०२६ को पेश करेगी प्रियंका चोपड़ा जोनास

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 जनवरी।** 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2026 के लिए प्रेजेंटर्स की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें भारतीय ग्लोबल स्टार देशी गर्ल्स प्रियंका चोपड़ा जोनास का नाम भी शामिल हैं। प्रियंका इस बार हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स, अभिनेता जॉर्ज क्लूनी और मिला कुनिस के साथ अवॉर्ड्स पेश करेंगी। यह प्रियंका चोपड़ा की लंबे समय बाद गोल्डन ग्लोब्स के मंच पर वापसी है। गोल्डन ग्लोब्स ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर अन्य प्रेजेंटर्स के नाम भी बताए हैं। इसमें आयो एडेबिरी, क्रिस पाइन, डकोटा फैनिंग, मेलिसा मैककार्थी, माइली साइरस, ऑरलैंडो ब्लूम, स्नूप डॉग, क्वीन लतीफा और जॉन बेटमैन जैसे सितारे शामिल हैं। इसके अलावा मैकॉले कल्किन, पामेला एंडरसन, ललिसा, मिन्नी ड्राइवर, रेजिना हॉल और जो क्राविट्ज भी अवॉर्ड्स पेश करने वाले है। इस साल अवॉर्ड शो की होस्टिंग कमेडियन निक्की ग्लेजर करेंगी, जिन्हें पिछले साल दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

## ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका का यूरोप को संदेश, जेडी वेंस बोले- ट्रंप के बयानों को हल्के में न लें

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 जनवरी।**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने यूरोपीय देशों से ग्रीनलैंड के मुद्दे को गंभीरता से लेने की अपील की है। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के ग्रीनलैंड को लेकर दिए गए बयानों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि यह द्वीप न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए बेहद अहम है।

व्हाइट हाउस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेडी वेंस ने कहा कि ग्रीनलैंड वैश्विक मिसाइल रक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका के सहयोगी देश इस क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाते, तो अमेरिका को खुद कार्रवाई करनी पड़ सकती है। यूरोप में इस विचार को लेकर विरोध के सवाल पर (कि ग्रीनलैंड बिक सकता है), वेंस ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन इस मुद्दे को कूटनीति के जरिए आगे बढ़ाता रहेगा।

उन्होंने कहा, हम कुछ बातें निजी तौर पर कहेंगे और कुछ सार्वजनिक रूप से। यह सिलसिला जारी रहेगा। वेंस ने कहा, मुझे लगता है कि विदेश मंत्री रुबियो अगले हफ्ते या उसके बाद डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं से मिल सकते हैं।



उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों पर हुई आलोचनाओं पर कहा कि मीडिया और यूरोप के कुछ वर्ग इस मुद्दे पर जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया दे रहे हैं। उन्होंने कहा, पहली बात, ग्रीनलैंड अमेरिका की ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की मिसाइल सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। दूसरी बात, कुछ शत्रुतापूर्ण ताकतों ने इस क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई है। वेंस ने बताया कि अमेरिका अपने यूरोपीय सहयोगियों पर ग्रीनलैंड की सुरक्षा मजबूत करने का दबाव बना रहा है।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने चीन पर कड़े सुरक्षा प्रतिबंधों को दी मंजूरी

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 09 जनवरी।**



अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने एक फंडिंग बिल पास किया है, जिसके जरिए चीन से जुड़े मामलों में सख्ती बढ़ाई गई है। इस कानून का मकसद निर्यात पर कड़ा नियंत्रण, व्यापार नियमों का कड़ाई से पालन, सरकारी स्तर पर तकनीक की खरीद पर रोक और चीन के साथ सहयोग को सीमित करना है। इस विधेयक के तहत निर्यात नियंत्रण नियमों को लागू करने के लिए अधिक धन दिया गया है। चीन से जुड़े व्यापार मामलों को आगे बढ़ाने के लिए अलग से पैसा रखा गया है। साथ ही, बिना सुरक्षा जांच के कुछ सरकारी सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों की खरीद पर रोक लगाई गई है। विज्ञान और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अमेरिका और चीन के बीच सहयोग को भी सीमित किया गया है। इस कानून में यह भी तय किया गया है कि चीन की आधिकारिक यात्रा करने वाले सरकारी अधिकारियों की जानकारी अब नियमित रूप से कांग्रेस को देनी होगी। इसके अलावा, ऊर्जा और परमाणु सुरक्षा से जुड़े कुछ नए नियम भी शामिल किए गए हैं।

यह बिल ब्यूरो ऑफ इंडस्ट्री एंड सिक्योरिटी के लिए 44 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी देता है, जिससे इसकी कुल फंडिंग 235 मिलियन डॉलर हो जाती है। अमेरिका और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा पर नजर रखने वाली प्रतिनिधि सभा की समिति का कहना है कि यह अतिरिक्त धन संवेदनशील अमेरिकी तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने में मदद करेगा। यह चीन से संबंधित एंटी-डंपिंग और काउंटरवेलिंग ड्यूटी एनफोर्समेंट के लिए 16.4 मिलियन डॉलर भी आवंटित करता है। समर्थकों का कहना है कि यह फंडिंग अमेरिकी वर्कर्स और मैन्युफैक्चरर्स को गलत ट्रेड तरीकों से बचाने के लिए है। यह कानून सरकारी एजेंसियों पर तकनीक खरीदने के मामले में भी पाबंदी लगाता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *